झालावाड़. शुक्रवार . 12.09.2014 राजस्थान पत्रिका

घर बैठे मिल सकेगी निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा

■ राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

झालावाड़

kota@patrika.com

शहर के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज व आईआईटी मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्पोकन ट्यूटोरियल के प्रसार के लिए टीचर्स मीट एवं सम्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आईआईटी मुम्बई की राजस्थान की कार्डिनेटर स्वाति डोंगरडीवे ने बताया कि स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय से समर्थित है तथा इस प्रोजेक्ट से घर बैठे ही निशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

संयोजक प्रशान्त जोशी ने निःशुल्क एवं ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग से आमजन, लघु, मध्यम स्केल के उद्योगों एवं देश को होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुकेश राजौरा ने की। उन्होंने प्रोजेक्ट को सभी छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी बताया।

झालावाड़ राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में टीचर्स मीट में भाग लेते लोग। पत्रिका

राजस्थान पत्रिका
11.09.2014

कार्यशाला आज

झालावाड़. राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय व आईआईटी मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को होगा। यह जानकारी प्रशांत ने दी।

(पत्रिका संवाददाता)

दैनिक भास्कर
12 सितंबर 2014

टीचर्स मीट आयोजित

झालावाड़ | राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज एवं आईआईटी मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में स्पोकन ट्यूटोरियल के प्रसार के लिए टीचर्स मीट का कार्यक्रम आयोजित हुआ। आईआईटी मुंबई से आईं राजस्थान कार्डिनेटर स्वाती डोंगरडीवे ने बताया कि स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय से समर्थित है। इस प्रोजेक्ट द्वारा घर बैठे ही निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम संयोजक एवं आउटरीच ऑफिसर प्रशांत जोशी ने फ्री एवं ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग के फायदे बताए। अध्यक्ष एवं प्राचार्य मुकेश राजोरा ने विचार व्यक्त किए।